भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3680

03 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन

3680. सुश्री दोला सेन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वित्तीय वर्ष में इस्पात का कुल उत्पादन कितना रहा है;

(ख) गत वित्तीय वर्ष में इस्पात उद्योग में कुल कितने लोगों की भर्ती की गई है;

(ग) क्या सरकार के पास गत वित्तीय वर्ष में इस्पात उद्योग में भर्ती किए गए पुरुषों और महिलाओं की कुल संख्या के आंकड़े हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): विगत वित्त वर्ष के दौरान देश में क्रूड इस्पात का कुल उत्पादन 120.29 मिलियन टन रहा।

(ख) से (घ): समस्त इस्पात उद्योग के लिए ऐसे आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

****